# ग्रामीण विकास युवा संस्थान, सैंथल (दौसा)

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2011–2012

1. **एकीकृत जल संसाधन प्रबन्धन परियोजना :–**

(क) **एकीकृत जल संसाधन प्रबन्धन परियोजना, जिला झुण्झुनू (IWRM)** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा युरोपीयन कमीशन की सहायता से राज्य जल संसाधन आयोजना विभाग जयपुर के तत्वाधान में एकीकृत जल संसाधन प्रबन्धन परियोजना अन्तर्गत झुन्झुनू जिले की पंचायत समिति नवलगढ एवं सुरजगढ की सभी 72 ग्राम पंचायतों में समुदाय के 25 सदस्यों की ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम जल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति का गठन कर उनको तीन–तीन दिवसीय प्रशिक्षण देकर पी.आर.ए. के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर IWRM प्लान बनाने के लिए संस्थान 23 सितम्बर 2011 से कार्यरत है। जिसमें 31 मार्च 2012 तक 18 IWRM प्लान तैयार कर क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार को भिजवा दिया गया है। उक्त IWRM प्लानों के माध्यम से वर्षा जल एवं पीने के पानी के प्रबन्धन का कार्य समुदाय द्वारा संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है।

(ख) **एकीकृत जल संसाधन प्रबन्धन परियोजना, जिला जोधपुर (IWRM)** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा युरोपीयन कमीशन की सहायता से राज्य जल संसाधन आयोजना विभाग जयपुर के तत्वाधान में एकीकृत जल संसाधन प्रबन्धन परियोजना अन्तर्गत जोधपुर जिले की पंचायत समिति बाप की सभी 32 ग्राम पंचायतों में समुदाय के 25 सदस्यों की ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम जल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति का गठन कर उनको तीन–तीन दिवसीय प्रशिक्षण देकर पी.आर.ए. के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर IWRM प्लान बनाने के लिए संस्थान 11 दिसम्बर 2011 से कार्यरत है। जिसमें 31 मार्च 2012 तक 7 IWRM प्लान तैयार कर क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार को भिजवा दिया गया है। उक्त IWRM प्लानों के माध्यम से वर्षा जल एवं पीने के पानी के प्रबन्धन का कार्य समुदाय द्वारा संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है।

सचिव
SECRETARY
Gramin Vikas Yuwa Sansthan
Dausa (Raj.) India

2. स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना :-

(क) **स्वयं सहायता समुहों का गठन एवं निर्माण** :- स्वयं सहायता समुहों के माध्यम से बी.पी.एल. परिवारों को बैंको से ऋण दिलवाकर आत्मनिर्भर बनाने हेतु भारत सरकार की सहायता से राजस्थान सरकार द्वारा संचालित स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत ग्रामीण विकास युवा संस्थान का चयन जयपुर जिले की जमवारामगढ पंचायत समिति की 43 ग्राम पंचायतों में बी.पी.एल. परिवारों के स्वयं सहायता समूह बनाकर उनको स्वजरोजगार के जरिये आत्म निर्भर बनाने हेतु 26 नवम्बर, 2009 को कार्य प्रारम्भ किया गया। संस्थान द्वारा वर्ष 2011-12 अन्तर्गत 1 अप्रेल, 2011 से 31 मार्च, 2012 तक कुल 26 स्वयं सहायता समुह बनाकर 268 बी.पी.एल. परिवारों को लाभान्वित किया गया। स्वयं सहायता समूहो की मासिक बैठकों का आयोजन, बचत राशि, लेखा संधारण, बैक लिंकेज, नियमित किया जा रहा है। गतिविधिं का चयन कर कौशल विकास प्रशिक्षण कराया जा रहा है। जिसमें से 16 स्वयं सहायता समुहो की प्रथम एवं द्वितीय ग्रेड़िग कराकर समुहों को बैंको से भैस पालन एवं गलीचा उधोग, नगीना कटींग, टेलरिंग कटिग एवं बुनाई, आरीतारी (जरी कढाई), बर्तन उधोग, गतिविधियों के लिए ऋण दिलाकर व्यवसाय शुरू करा दिया गया। शेष 10 स्वयं सहायता समुहों की प्रथम ग्रेडिग कराकर रिवोल्विग फण्ड दिलाया गया है। जयपुर जिले की पंचायत समिति झोटवाडा में 16 ग्राम पंचायतों में बी.पी.एल. परिवारों के स्वयं सहायता समूह बनाकर उनको स्वजरोजगार के जरिये आत्म निर्भर बनाने हेतु 5 अगस्त, 2010 से कार्य प्रारम्भ किया गया था। जिसमें वर्ष 2011-12 अन्तर्गत 31 मार्च, 2012 तक कुल 08 स्वयं सहायता समुहों का गठन किया गया। जिसमें से 7 स्वयं सहायता समुहो की प्रथम एवं द्वितीय ग्रेडिग कराकर 76 बी.पी.एल. परिवारों को भैंस पालन कर बैंको से ऋण दिलवाकर लाभान्वित किया गया। और 1 स्वयं सहायता समूहो की प्रथम ग्रेड़िग कराकर रिवोल्विग फण्ड दिलवाया गया है।

3. राष्ट्रीय साक्षरता मिशन 2012 :-

**राष्ट्रीय साक्षरता मिशन 2012** :- ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा पंचायत समिति दौसा के सहयोग से राष्ट्रीय साक्षरता मिशन 2012 के अन्तर्गत पंचायत समिति दौसा की सभी 52 ग्राम पंचायतों में 50-50 स्वयंसेवको को चार-चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सफलतापुर्वक दिया गया। संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 में कुल 2600 स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किये गये। प्रशिक्षित स्वयं सेवक अपने-अपने ग्रामों में निरक्षर महिलाओं एवं पुरूषों को साक्षर करने का कार्य सफलतापुर्वक कर रहे हैं

SECRETARY
Gramin Vikas Yuwa Sansthan
Dausa (Raj.) India

4. कृषि एवं पशु पालन विकास कार्यक्रम :–

**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन परियोजना (आत्मा)** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान ... निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन परियोजना (आत्मा) जिला दौसा के ... प्रौद्योगिकी प्रबन्धन परियोजना (आत्मा) के अन्तर्गत पंचायत समिति लालसोट की ... 43 ग्राम पंचायतों में किसानों को दो–दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से उनको आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन के बारे जानकारी संस्थान द्वारा प्रदान की गई। संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2011–12 में कुल 445 किसानों को आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी के प्रबन्धन के बारे में प्रशिक्षित किया गया । प्रशिक्षित किसान आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी को अपनाकर खेती कर रहे है।

(क) **रासायनिक विधि से खरपतवार नियन्त्रण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा कार्यालय परियोजना निदेशक आत्मा एवं कृषि विस्तार विभाग दौसा के तत्वाधान में ग्राम डोब में दिनांक 12 मार्च 2012 से 13 मार्च 2012 तक ग्राम पालोन्दा में दिनांक 14 मार्च 2012 से 16 मार्च 2012 तक कुल 48 महिला कृषकों को रासायनिक विधि से खरपतवार नियन्त्रण प्रबन्धन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

(ख) **कृषि / उधान समुह निर्माण एवं प्रशिक्षण** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा कार्यालय परियोजना निदेशक आत्मा एवं कृषि विस्तार विभाग दौसा के तत्वाधान में ग्राम मण्डावरी में दिनांक 17 मार्च 2012 से 18 मार्च 2012 तक एवं ग्राम सुरतपुरा में दिनांक 19 मार्च 2012 से 20 मार्च 2012 तक तथा ग्राम श्यामपुरा कलां में दिनांक 21 मार्च 2012 से 22 मार्च 2012 तक और ग्राम शिवसिंहपुरा में दिनांक 23 मार्च 2012 से 24 मार्च 2012 तक, आयोजित किये गये। जिसमें कुल 4 ग्राम पचायतों में 9 कृषक समुहों का निर्माण किया गया। और कुल 94 कृषको ने कृषि / उधान की आधुनिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण में किसानों को कृषि विकास में समुहों की भागीदारी के सम्बन्ध में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

(ग) **किसान गोष्ठी एवं खेत दिवस कार्यक्रम** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा कार्यालय परियोजना निदेशक आत्मा एवं कृषि विस्तार विभाग दौसा के तत्वाधान में ग्राम निर्झणा में दिनांक 25 मार्च 2012 एवं ग्राम चादसेंन में दिनांक 26 मार्च 2012 को आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम निर्झणा में 80 किसानों ने एवं ग्राम चादसेंन में 80 किसानों ने भाग लिया। 2 ग्राम पंचायतें से कुल 160 महिला एवं पुरूष कृषकों को किसान गोष्ठी में आधुनिक

SECRETARY
Gramin Vikas Yuwa Sansthan

तकनीकी से कृषि करने के तरीको एवं खेत दिवस के बारे में जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई।

(घ) **सीड मनी एवं प्रदर्शन का आयोजन** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा ने कार्यालय परियोजना निदेशक आत्मा एवं कृषि विस्तार विभाग दौसा के तत्वाधान में ग्राम निर्झणा के 2 किसान स्वयं सहायता समुहों के 20 सदस्यों को सीड क्रय कर प्रदर्शन करने हेतु अनुदान दिया गया। उक्त सभी किसानों, के खेतों की मिटटी का परीक्षण प्रयोगशाला में कराकर परीक्षण रिर्पोट के आधार पर कृषकों को सब्जी एवं कृषि हेतु आवश्यक हाई ब्रीड बीज एवं रासायनिक खाद क्रय विक्रय सहकारी समिति लालसोट से क्रय कराया गया। जिसमें प्रति किसान को एक हजार रूपये का अनुदान कृषि विभाग द्वारा दिया गया। उक्त किसानों को अपने खेतों में आधुनिक गतिविधि से खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

5. **वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन कार्यक्रम** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान द्वारा दौसा जिले में पिछलें वर्षो से जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2011–12 अन्तर्गत दिनांक 11 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 तक ग्राम नांगल बैरसी, चांदराणा, मालपुरिया, सितापुरा, चावडेण्डा, हरिपुरा, रोहडां कलां के किसानों को जैविक खेती के लिये वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग फसल में करवाया जा रहा है। जिसके लिये संस्थान ने वर्मी कम्पोस्ट खाद का प्लांट लगा रखा है। जिसमें किसानों को न्यूनतम निर्धारित दर पर वर्मी कम्पोस्ट खाद उपलब्ध करवाया जा रहा है। धीरे–धीरे किसानों का रासायनिक खाद से वर्मी कम्पोस्ट खाद की ओर रूझान बढा है। और किसान भी अब जैविक खेती को बढावा देने के लिये अपने घरों में वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन के लिये छोटे–छोटे प्लांट लगा रहे हैं।

6. **जल, जंगल, जमीन संरक्षण कार्यक्रम** :–

(क) **चरागाह विकास कार्यक्रम** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा जल, जंगल, जमीन संरक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत पंचायत समिति दौसा के ग्राम बिशनपुरा में 24 अगस्त, 2011 को ग्रामीणों के सहयोग से 28 हैक्टीयर चरागाह में चारा उत्पादन करने के लिए घास की बोई गई। और 1200 छायादार पौधे लगाये गये। इनकी पौधो की सुरक्षा हेतु वन सुरक्षा समिति का गठन किया गया। और घास एवं पेडों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्राम वन सुरक्षा समिति धर्मपुरा को सौपी गई।

SECRETARY
Gramin Vikas Yuwa Sansthan
Dausa (Raj.) India

7. महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम :-

(क) **घरेलू हिन्सा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 :-** ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा राजस्थान सरकार के महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से दौसा जिले में घरेलू हिन्सा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के अन्तर्गत पीडित महिलाओं को कानूनी जानकारी एवं सहायता प्रदान करने के लिये ग्राम नांगल राजावतान एवं सैंथल में एक-एक महिला परामर्श केन्द्र दिनांक 1 अप्रैल 2011 से प्रारम्भ किया गया। जिसमें एक-एक महिला परामर्शदाता केन्द्रों के संचालन हेतु रखी गयी है। जो पीडित महिलाओं को कानूनी जानकारी के साथ आवश्यक सहायता प्रदान करती है। जिसमें कानूनी विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005 के अन्तर्गत महिलाओं के अधिकारों की जानकारी के साथ पुलिस एवं कोर्ट के जरिये अपने अधिकारों को सुरक्षित रखने की विभिन्न कानूनी सलाह दी जाती है ।

(ख) **महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन :-** ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा पंचायत समिति दौसा के ग्राम चौरडी, दादनका, चैनपुरा, बासडी, बिनावाला, खरताला में महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार दिलाकर आत्म निर्भर बनाने हेतु 06 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन करवाया गया है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं स्वरोजगार की जानकारी देने के लिये दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 15 से 16 फरवरी, 2012 को ग्राम सैथल में किया गया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा स्वयं सहायता समूहों के गठन, नियमित बैठक, नियमित बचत रिकार्ड संधारण, बैंक लिंकेज, मार्केटिंग इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की। जिसमें 6 स्वयं सहायता समूहों की 60 महिलाओं को बैकों से ऋण दिलवाकर व्यवसाय शुरू कराकर स्वरोजगार से जोडा गया।

8. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम :-

(क) **स्वैच्छिक रक्तदान प्रोत्साहित कार्यक्रम :-** ग्रामीण विकास युवा संस्थान द्वारा कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लवाण के तत्वाधान में ग्राम लवाण में 25 दिसम्बर 2011 को स्वैच्छिक रक्तदान प्रोत्साहित कार्यक्रम अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 30 युवाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में युवाओं को जानकारी देकर

(५०)

स्वैच्छिकरक्तदान करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया। उक्त बाल कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान करने हेतु संस्थान को आवेदन दिया गया।

9. **कम्प्यूटर प्रशिक्षण** :— संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, बेरोजगार 50 युवा प्रतिभाओं को कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी प्रदान करने के लिये त्रैमासिक प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम सैंथल में 1 अप्रैल, 2011 से 31 मार्च, 2012 तक किया गया। जिसमें कम्प्यूटर उपकरणों के संचालन की जानकारी दी गई। एवं एम.एस.डॉस, एम.एस.वर्ड, एक्सल, इन्टरनेट, टेली, आदि की साधारण जानकारी दी गई।

उपरोक्त कार्यक्रमों पर आधारित आपका संस्थान प्रयासरत है। संस्थान द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं में आपका सहयोग, सुझाव, मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

भवदीय

(पी. एल. मीना)

ग्रामीण विकास युवा संस्थान

ग्रा. सैंथल तह. व जिला दौसा

सचिव

SECRETARY

Gramin Vikas Yuva Sansthan